तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 होली प्रेम, एकता और आपसी मेल-मिलाप का पर्व : अंबिका



14 किसी भी व्यक्ति की समस्या को बिना किसी कारण के लंबित न रखें



मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर


हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## खबर संक्षेप

### खर्रा में मानसगान स्पर्धा 28 से, कलश यात्रा आज


**सिर्री।** ग्राम खर्रा में शिवशंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय भव्य संगीतमय मानसगान एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 मार्च तक रखा गया है। 27 मार्च को ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ही वरिष्ठ ग्रामीणों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किया जायेगा। शाम 4 बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी नरेंद्र ध्रुवंशी ने दी।

### चिंवरी में गायत्री महायज्ञ 28 से

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन 28 से 31 मार्च तक किया गया है। प्रज्ञापुराण वाचक अछोला आरंग निवासी जगदीश प्रसाद साहू होंगे। 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक कलशयात्रा निकाली जायेगी। 29 एवं 30 मार्च को 8 से 10 बजे तक हवन होगा। सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक प्रवचन होगा। 31 मार्च को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ, संस्कार एवं पूर्णाहुति होगी। यह जानकारी चंद्रहास साहू ने दी।

### मौरीकला में कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन 28 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला (गुफा) में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं कर्मा जयंती का आयोजन 28 मार्च



को साहू भवन में रखा गया है। मुख्य अतिथि मालकराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज होंगे। अध्यक्षता गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद एवं गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि होंगे। माता कर्मा की पूजा-अर्चना पश्चात कलशयात्रा सुबह 10 बजे निकाली जायेगी। अतिथियों का स्वागत व उद्बोधन शाम 5 बजे होगा। मनोरंजन के लिए संगी जहुरिया लोककला गम्मत बिलाईडबरी जिला बलौदाबाजार का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी पवन साहू अधिवक्ता ने दी।

### सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन शिविर 4 को

**धमतरी।** माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन 4 अप्रैल को गुप्ता हॉस्पिटल धमतरी में किया जा रहा है। महिलाओं और किशोरियों को रियायती दर पर वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दिन जागरूकता व्याख्यान भी रखा गया है। इस अवसर पर छग प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मूंदड़ा, रायपुर के प्रसिद्ध नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश राठी एवं धमतरी जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन सारडा उपस्थित रहेंगे। धमतरी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी एवं सचिव गोविंद गांधी ने अनुरोध किया है कि सर्वाइकल कैंसर विरोधी टीकाकरण का लाभ उठाएं। यह शिविर डॉ सुमित गुप्ता एवं डॉ अनुराधा गुप्ता के मार्गदर्शन में गुप्ता हॉस्पिटल रत्नाबांधा रोड धमतरी में 4 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक होगा। पंजीयन डॉ. जाजू और रीति झंवर के पास करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मार्च है।

### साफ्टवेयर में त्रुटियों के कारण बढ़ी परेशानी

# समस्याओं के बीच हो रहा किसान पंजीयन

**किसान पंजीयन की स्थिति**

| तहसील | पंजीयन |
|---|---|
| बेलरगांव | 6360 |
| भखारा | 17891 |
| धमतरी | 18061 |
| कुकरेल | 6382 |
| कुरूद | 21137 |
| मगरलोड | 16663 |
| नगरी | 7172 |
| योग | 93666 |



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

किसानों के पंजीयन के लिए पूरा अमला जुटा हुआ है लेकिन साफ्टवेयर में त्रुटियों के चलते अब तक लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि अधिकारी कर्मचारी किसानों के पंजीयन के लिए रात में शिविर लगाकर काम कर रहे हैं। दिन में सर्वर प्राब्लम के कारण रात में पंजीयन पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। पंजीयन के बाद आधार कार्ड की तर्ज पर किसानों को पहचान पत्र दिया जाएगा, जिसके आधार पर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। विडंबना यह है कि साफ्टवेयर में त्रुटियों के चलते पंजीयन में परेशानी आ रही है। जानकारी के मुताबिक किसान आईडी बनाने के लिए शासन द्वारा एक साफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसमें भुईयां साफ्टवेयर के रिकार्ड को आधार मानकर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। भुईयां साफ्टवेयर में त्रुटि के चलते किसानों के पंजीयन में दिक्कतें आ रही हैं। किसी किसान का रकबा कम दिखा रहा है तो किसी का शून्य दिखा रहा है। इतना ही नहीं कईयों के तो नाम तक गायब हो गए हैं। ज्यादातर समस्या सामूहिक खाता और फौती नामांतरण वाले खातों में है।

**रात्रि शिविर को रिस्पांस**

खेती किसानी का समय होने के कारण दिनभर किसान खेतों में व्यस्त रह जाते हैं। इस कारण अधिकारी शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक शिविर लगाकर किसानों का पंजीयन कर रहे हैं। इस वक्त किसान भी पंजीयन में आराम से समय दे रहे हैं। यही नहीं अन्य जिलों में दिन में काम हो रहा है। ऐसे में सर्वर पर लोड भी ज्यादा होता है और दिन में सर्वर काफी स्लो चलता है। रात में सर्वर डाउन की समस्या नहीं आती है। इस कारण पंजीयन भी तेजी से हो रहा है। बाकी जिलों की अपेक्षा धमतरी में पंजीयन की रफ्तार अच्छी है।

**दूर की गई समस्या**

अछोटा सहकारी समिति में बड़ी समस्या थी, जिसे दूर कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार अछोटा समिति धमतरी तहसील अंतर्गत आती है, लेकिन यहां के सभी किसानों का नाम धमतरी तहसील की बजाय कुकरेल तहसील में दिखाई दे रहा था। ऐसे में किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा था। अब जाकर इस समस्या को दूर किया गया है। किसानों का पंजीयन चालू हो गया है।

# अविकसित शिशु को फेंकने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



तालाब किनारे अविकसित शिशु को फेंकने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्जकर पुलिस तलाश में जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि लगभग दो महीने पहले 22 जनवरी की सुबह शहर के जालमपुर वार्ड स्थित दीवान तालाब किनारे पत्थर पर एक 5 से 6 माह का अविकसित शिशु मिलने से हड़कम्प मच गया था। लोगों की भीड़ लग गई थी। एक वार्डवासी की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। तालाब किनारे एक अविकसित शिशु को लावारिस हालत में पाया गया। शिशु की उम्र लगभग 5 से 6 माह थी। अज्ञात नवजात शिशु लड़का था जो पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाया था। मृत हालत में नार-फूल सहित पड़ा था। इसे देखने से लग रहा था कि किसी अज्ञात व्यक्ति लोकलाज के भय से अविकसित नवजात शिशु के शव को लावारिस हालत में फेंककर भाग गया है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 94 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

■ आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

# हेरोइन बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सिटी पार्क के पास मादक पदार्थ हेरोइन बेचने का प्रयास कर रहे तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से विंध्यवासिनी वार्ड के सिटी पार्क के पास कुछ युवकों द्वारा अवैध मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा की बिक्री किए जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल सिटी पार्क के पास पहुंच घेराबंदी कर सूरज उर्फ श्रवण रजक पिता गजानंद उम्र 29 वर्ष निवासी बजरंग चौक नवापारा वार्ड धमतरी, लवली उर्फ अभिनव तिवारी पिता विद्यासागर उम्र 35 वर्ष गौराचौरा के पास आमातालाब रोड निवासी व राहुल निर्मलकर उर्फ सिन्कू पिता रोहित उम्र 26 वर्ष इंद्रानगर धमतरी निवासी को पकड़कर उसके कब्जे से प्लास्टिक झिल्ली में बंधा हुआ हेरोइन चिट्टा को बरामद किया। इसका वजन पालीथिन सहित 1 ग्राम कीमत 10 हजार रूपए है। आरोपियों से 3 नग मोबाइल फोन कीमत 30 हजार रुपए बरामद किया गया। पुलिस ने हेरोइन चिट्टा व तीन नग मोबाइल जब्त कर आरोपी सूरज उर्फ श्रवण रजक, लवली उर्फ अभिनव तिवारी व राहुल निर्मलकर उर्फ सिन्कू को धारा 21/ए एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली से एएसआई संतोषी नेताम, आरक्षक डायमंड यादव, चंदर जयदार, मुकेश सिन्हा, भूपेंद्र पदमशाली, रघुराज, गणेश नेताम व नागेंद्र सिंह का योगदान रहा।

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

### विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी, पूरे शहर का किया जायेगा सर्वे : महापौर

# ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने व्यवस्थित से बनेंगी नालियां, 150 जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बारिश शुरु होते ही शहर के 20 वार्ड जलमग्न हो जाते हैं। अनवरत बारिश से पानी जाम रहता है जिसकी वजह से आम आदमी परेशान रहता है। मकानों के टूटने का डर सताता है। यातायात, आवागमन बाधित रहता है। शहर में विगत 50 वर्षों से ड्रेनेज सिस्टम नहीं सुधारा गया है। आबादी बढ़ने के साथ शहर के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। नालियों का सिस्टम दशकों पुराना है। नाला और नालियों में अतिक्रमण हो गया है। प्राकृतिक निकासी के सभी रास्ते बंद हो गए हैं। शहर के आसपास खेतों में 100 से अधिक कालोनियां बन गई हैं। पानी जाम होने से शहर डूबने लगता है। पिछली सरकारों ने सिर्फ वायदे किए लेकिन ड्रेनेज सिस्टम नहीं सुधार पाए।

निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने सबसे पहले नाली और नाला को व्यवस्थित ढंग से बनाया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी। पूरे शहर का सर्वे होगा। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर उस पर स्पेशल फोकस किया जाएगा। महापौर ने बताया कि इसके अलावा शहर को डूबने से बचाने अन्य उपाय किए जाएंगे। बाहर के चिन्हांकित स्थानों में वाहर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा जिसकी संख्या वर्तमान में करीब 150 होगी। 50-50 की किस्तों में जलमग्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा ताकि बारिश का पानी सीधे भू-गर्भ में चला जाए। सिस्टम बनाने निगम में अधिकारी कर्मचारी जल्द ही सर्वे करेंगे। शहर के आमापारा, देवश्री टाकिज रोड, शिवचौक, बनियापारा, रामपुर, गोकुलपुर, बस्तर रोड, पीडी नाला, बठेना, बांसपारा नाचन कालोनी, रूद्री रोड की कालोनियां, सोरिद, जोधापुर आदि ऐसे स्थान हैं जहां सिस्टम से नालियां बनाने के अलावा वाटर हार्वेस्टिंग बनाने सर्वे किया जाएगा। इस सिस्टम से कुछ बरसाती पानी नालियों से बाहर निकल जाएगा। शेष बरसाती पानी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरिए धरती के अंदर समा जाएगा। भूगर्भ में पानी जाने से शहर का वाटर लेवल उपर आएगा। बंद हो चुके नल, नलकूप, हैंडपंप, कुआं, बोर से पानी निकलना शुरु हो जाएगा। तालाबों का पानी जल्दी नहीं सूखेगा। श्री रोहरा का कहना है कि शहर के सभी 22 तालाबों को संरक्षित, संवर्धित करने योजना बनाएंगे। नालियों के पानी को शुद्ध करके तालाबों में भरा जाएगा ताकि तालाबों में बारहों माह पानी भरा रहे। तालाबों में पानी भरने पाइपलाइन का विस्तार होगा। तालाबों के किनारे हरियाली लाई जाएगी। सौंदर्यीकरण किया जाएगा। तालाबों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### बुधवार को पटवारी तहसील में रहकर निपटाएंगे राजस्व मामले

# अब एसडीएम कार्यालयों में भी सोमवार को जनदर्शन

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राजस्व प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व न्यायालयों में अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से प्रकरणों को पढ़कर नियमानुसार निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि कई कार्यालयों में रीडर ही प्रकरण पर पेशी की नई तारीख दे रहे हैं। कलेक्टर ने सभी राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों को इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कुकरेल तहसील में समय सीमा से अधिक अवधि से लंबित राजस्व प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, एडीएम श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देहारी सहित सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर ने जिला कार्यालय की तर्ज पर हर सोमवार को सभी अनुविभागीय राजस्व कार्यालयों में भी जनदर्शन आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोमवार को सभी एसडीएम को अपने-अपने कार्यालयों में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं और मांगों का निराकरण करने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने हर सप्ताह बुधवार को पटवारियों को अपने-अपने तहसील कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी चेताया कि निर्धारित दिन आकस्मिक निरीक्षण पर पटवारी के कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

**राजस्व प्रकरणों को लेकर कुकरेल तहसीलदार के प्रति कलेक्टर ने जताई नाराजगी**

# गांजा बेचने वालों को 6-6 माह की जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





धमतरी पुलिस ने गांजा बेचने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में धमतरी पुलिस ने गांजा बेचने वाले आदतन अपराधियों करण धुरी पिता स्व. हिंछाराम ध्रुव उम्र 59 वर्ष निवासी महंत घासीदास वार्ड धमतरी जिला धमतरी छग तथा उषा धुरी पति करण धुरी उम्र 45 वर्ष निवासी महंत घासीदास वार्ड धमतरीजिला धमतरी छग के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की। दोनों आरोपियों के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 10 के तहत न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा आरोपियों के बार-बार गांजा बेचने के विरुद्ध धमतरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के आधार पर रिकॉर्ड की जांच पर सत्यता पाए जाने पर दोनों आरोपियों को 6-6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश पारित किया।

### व्यवस्थापन की मांग को लेकर करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव, अनिश्चितकालीन धरना भी

# अब आरपार की लड़ाई के मूड में डूब प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी व्यवस्थापन नहीं होने से परेशान डूब प्रभावित अब मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की तैयारी हैं। डूब प्रभावितों ने बताया कि जोगीडीह में जमीन आवंटन की प्रक्रिया बीच में रोक दी गई है। अब वे आरपार की लड़ाई के मूड में हैं।

वर्ष 1972 में गंगरेल बांध के निर्माण के वक्त 55 गांव डूब में आए थे। इन 55 गांवों के 7 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए थे। खेत, जमीन, घर सबकुछ छोड़कर उन्हें दूसरी जगहों पर गुजारा करना पड़ रहा है। नियम के तहत इन परिवार को जमीन देकर व्यवस्थापन किया जाना है। हाईकोर्ट ने भी इसके लिए आदेश जारी किया है, लेकिन विडंबना यह है कि आज तक इन परिवारों का व्यवस्थापन नहीं हो पाया है। गंगरेल बांध डूब प्रभावित जनकल्याण समिति के बैनरतले प्रभावित लगातार बुधवार को भी डूब प्रभावित कलेक्टोरेट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के संबंध में एक साथ सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया है कि 3 माह के अंदर सक्षम प्राधिकारी जांच प्रारंभ कर गंगरेल बांध डूब प्रभावितों को भूमि आवंटित करें। आदेश के 4 वर्ष पश्चात भूमि आवंटन की कार्यवाही शुरू नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि सभी गंगरेल बांध डूब प्रभावित निम्न और गरीब वर्ग से हैं। शासन प्रशासन से बार-बार न्याय मांगते वे थक चुके हैं। अब वे मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर उनके सामने न्याय मांगेंगे। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को वे मुख्यमंत्री निवास घेराव की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद अनिश्चितकालीन धरना भी देंगे।

कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में महाराजी राम ध्रुव, आत्माराम ध्रुव, हरिशंकर मरकाम, पंडोराम मण्डावी, पुष्कर सोरी, रोहित कुमार ध्रुव, जय कुमार सेन, मुलक राम सिन्हा आदि शामिल थे।

**व्यवस्थापन के लिए सिंचाई विभाग को जमीन हस्तांतरित**

वन विभाग द्वारा गंगरेल डूब प्रभावितों के व्यवस्थापन के लिए 889 हेक्टेयर यानी 1667 एकड़ जमीन सिंचाई विभाग के सुपुर्द कर दी गई है। डूब प्रभावितों ने बताया कि इसमें से कक्ष क्रमांक 107 में 631.700 हेक्टेयर और संरक्षित वन खंड सलोनी में 257.430 हेक्टेयर जमीन सिंचाई विभाग को सौंपी है। डूब प्रभावितों को इस जमीन पर बसाने की जिम्मेदारी राजस्व और सिंचाई विभाग की है।

**जोगीडीह में अधूरी प्रक्रिया**

डूब प्रभावित हर्ष मरकाम ने बताया कि जोगीडीह में 1600 एकड़ जमीन डूब प्रभावितों के लिए आरक्षित है। यहां पर 1000 डूब प्रभावित परिवारों का व्यवस्थापन किया जा सकता है। अभी यहां पर 170 परिवार रह रहे हैं। जिला प्रशासन ने इस जमीन का रिकार्ड तैयार कर लिया है। व्यवस्थापन की प्रक्रिया भी शुरू की गई थी लेकिन बीच में व्यवस्थापन की कार्यवाही रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि हर बार कलेक्टर बदलने पर उन्हें नए सिरे से अपनी मांग दोहरानी पड़ रही है। अधिकारी भी संतोषप्रद जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**



## विभा ने की कलश में मां कर्मा की सुंदर चित्रकारी

**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी की विभा साहू पिता तामेश्वर साहू वैद्यपारा ने मां कर्मा जयंती पर कलश में मां कर्मा की अदभुत और सुंदर चित्रकारी की है। इसे देखकर ऐसा लगता है कि ये चित्रकारी नहीं बल्कि फोटो को काटकर कलश में चिपकाया गया हो। विभा ने कलश में पेंटिंग के साथ कांच के टुकड़े और लैस लगाकर खूबसूरत तरीके से कलश को सजाया है जो काफी आकर्षक लग रहा है।

## महाश्वेता स्कूल में आरटीई की 8 सीटें अब भी खाली

**बगदेही(धमतरी)।** महाश्वेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थुहा में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए आरटीई अन्तर्गत 8 सीट निर्धारित है। इच्छुक पालक नजदीकी च्वाइस सेन्टर में जाकर आनलाइन आवेदन करा सकते हैं। अन्तिम तिथि 31 मार्च है। इसके लिए बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र , आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, पिता का जाति प्रमाण-पत्र , पिछड़ा वर्ग के लिए गरीबी रेखा कार्ड या सर्वे सूची आवश्यक है।

## चुचरंगपुर के दो छात्रों का नवोदय में चयन

**कांकेर।** प्राथमिक शाला चुचरंगपुर के दो छात्र लक्ष्मी यादव और आयुष यादव ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। प्रधान अध्यापक ने बताया कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस सफलता से विद्यालय के अन्य छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे भी मेहनत करके नवोदय जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

## शराब पीने की सुविधा दी, पकड़या युवक

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम आमाकड़ा में एक युवक लोगो को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 26 मार्च को दोपहर सवा 1 बजें ग्राम आमाकड़ा कोटपारा में आरोपी के घर सामने दबिश दिया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले। मौके पर आरोपी कोटपारा आमाकड़ा निवासी 32 वर्षीय मिथलेश जुर्री पिता महेश लाल जुर्री को पकड़ा।

**गुप्त रोगी स्वयं मिलें**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति के साथ महिलाएं कदम से कदम मिला रहीं

# असामाजिक तत्वों के खिलाफ महिला कमांडो की टीम वार्डों में दे रही है दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद नगर में नशे व असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रत्येक वार्डों में महिला कमांडो द्वारा हर दिन रात्रि गश्त की जा रही है। इस दौरान गली, मोहल्लों, चौक-चौराहों में संदिग्ध हालत में बैठे युवाओं की निगरानी कर रही है। जिसमे नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर संग महिला कमांडो की टीम कदम से कदम मिला रही है।

कुरूद नगर के वार्डों की गलियों में गुलाबी, लाल साड़ी पहनी इन कमांडों के हाथों में जहां चूड़ियों की खनक सुनाई दे रही, वहीं डंडे की धमक भी गूंज रही है। नशे के खिलाफ चलाई जा रही इस मुहिम में महिलाएं



सामाजिक बुराइयों को भगाने का संकल्प लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। महिला कमांडो के गठन के बाद 8 मार्च विश्व महिला दिवस पर नये परिषद के शपथ ग्रहण के बाद कुरूद नगर में नशामुक्त अभियान एवं स्वच्छता अभियान का संकल्प लेकर नगर के सभी वार्डों से महिला कमांडो की महिलाएं मैदान में उतर चुकी हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत कुरूद के विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, पार्षद महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर भी सम्मिलित हुए।

**शिक्षा, सुरक्षा, सामाजिक सुधार पर फोकस**

*शिक्षा, सुरक्षा, सामाजिक सुधार पर पूरा फोकस किया जा रहा है। अगर महिलाएं ठान लें तो परिवर्तन अवश्य ही लाया जा सकता है। पुरुषों की तुलना में कहीं ज्यादा महिलाएं सभी दृष्टिकोण को देखते हुए कार्य करती हैं। जनता के प्रति एक अच्छी सोच लिए यह महिला कमांडो कार्यरत हैं।*

- **ज्योति भानु चंद्राकर**, *अध्यक्ष नपं कुरुद*

# परमानंद को मिला काव्य कलश सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच खरसिया जिला रायगढ़ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय गुरु घासीदास काव्य लेखन प्रतियोगिता में 52 कवियों ने भाग लिया जिसमें परमानंद बृजलाल दावना भैंसबोड़ को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। संत माता कर्मा जयंती पर वृंदावन हाल रायपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के पुरोधा साहित्यकारों व छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के सचिव डॉ अभिलाषा बेहार ने परमानंद बृजलाल दावना को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

# मां कर्मा ने समाज को दिया समरसता का संदेश : गौकरण

- कठौली, धूमा, गुदगुदा, भैंसमुंडी में मनाई गई माता कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम कठौली, धूमा, गुदगुदा, भैसमुंडी सहित अंचल के विभिन्न स्थानों पर 25 मार्च को कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मां कर्मा की पूजा आरती की गई। महिलाओं, युवतियों ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली और पूरे गांव में भ्रमण किया। कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि माता कर्मा तेली समाज के साथ



सम्पूर्ण समाज में भाईचारा स्थापित की है। उच्च नीच के भेदभाव को दूर किया। भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन होकर सनातन धर्म को मजबूत किया।

इस अवसर पररेल्हा राम साहू चिंवरी परिक्षेत्र संरक्षक, अध्यक्ष पोखराज साहू, मौरीखुर्द परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू, हीरा साहू गुदगुदा, रामेश्वर साहू संकरी, उत्तम प्रकाश साहू, लीलेश साहू कठौली, सरपंच खेमराज साहू, सरपंच ओमप्रकाश यादव भैंसमुंडी, रोशन, मन्नूलाल साहू, एवन साहू, गणेशु साहू, लखन साहू, छत्रपाल साहू, पुनेन्द्र साहू, तिहारू साहू, सागर साहू, गणेश साहू, डोमार साहू, डिकेश साहू, डोमन साहू, बेनी साहू, रवि साहू, तामेश्वरी साहू, रूपकला साहू, उर्वशी साहू, कविता साहू, नंदनी साहू, उमा साहू, लता साहू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# मां कर्मा की हुई महाआरती, भगवान जगन्नाथ को लगाया खिचड़ी का भोग

- कुकरेल बांसपारा नवापारा में मनाई गई मां कर्मा की 1009 वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्रामीण साहू समाज कुकरेल द्वारा मां कर्मा की भव्य शोभा यात्रा बांसपारा नयापारा, कुकरेल बस्ती एवं कुकरेल चौक में निकाली गई। उसके बाद साहू सदन कुकरेल में मां कर्मा की महाआरती के साथ भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाया गया। कार्यक्रम के अतिथि कुकरेल सरपंच ओंकार सिंह नेताम एवं उपसरपंच



अशोक कुमार यादव थे। उन्होंने मां कर्मा के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मौके पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष डीहरलाल साहू, सचिव संतोष कुमार साहू, सलाहकार प्रवीण कुमार साहू, कामता प्रसाद साहू, सोमनाथ साहू, नंदकुमार साहू, जागेश्वर साहू, कमलेश साहू, रवि कुमार साहू, हेमचंद साहू, ईश्वर कुमार साहू, शिवकुमार साहू, हेमंत साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कोदोरास धाम में कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा

- माता कर्मा सर्वसमाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं: गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा माता की जयंती मंगलवार को साहू समाज ने पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया। सिलौटी के कोदोरास धाम में भी यह आयोजन ग्रामीण साहू समाज द्वारा किया गया। माता की आरती पूजा कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी हेमंत साहू रहीं। अध्यक्षता गिरधारी राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी ने की। इस दिन साहू समाज की महिलाओं ने बाजे-गाजे के साथ सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली एवं गली भ्रमण



कर कोदोरास धाम स्थित मां कर्मा मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि माता कर्मा केवल साहू समाज की नहीं बल्कि पूरे समाज की प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी भक्ति, सेवा और समर्पण आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उनकी गहरी भक्ति से प्रेरित होकर भगवान कृष्ण स्वयं उनके हाथ से खिचड़ी ग्रहण करने पहुंचे।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा माता कर्मा जयंती पर डाक टिकट जारी करने पर हर्ष जताया।

विशिष्ट अतिथि राव शिंदे सरपंच, टिकेश्वरी नेताम उपसरपंच, दुलार सिन्हा, गिरधारी साहू, शिवकुमार साहू, दिनेश साहू, धनेश साहू, विजय साहू, प्रशांत, श्यामू राम, उत्तरा कुमार, टीकाराम साहू, कांति साहू, राजू साहू, समाजसेवक हरबन साहू थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# कर्मा जयंती पर बोरझरा में साहू समाज के किचन शेड, भवन का हुआ लोकार्पण

- भक्ति व त्याग की प्रतिमूर्ति थीं मां कर्मा : गीतेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कृष्ण भक्त एवं साहू समाज की कुलदेवी माता कर्मा के जन्मोत्सव पर ग्राम बोरझरा में ग्रामीण स्तर पर कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजिक सहयोग से निर्मित साहू समाज किचन शेड भवन का मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने लोकार्पण किया। मंगलवार को सुबह 10 बजे साहू समाज की महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गांव की



गलियों में शोभायात्रा निकाली। मां कर्मा की आरती कर अतिथि सम्मान एवं उद्बोधन कराया। मुख्य अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद ने कहा कि मां कर्मा भक्ति व त्याग की प्रतिमूर्ति थी। हमें गौरव महसूस होता है कि हमने साहू समाज में जन्म लिया है जहां मां कर्मा जैसी भक्तिन मिली जिन्होंने भगवान कृष्ण का साक्षात्कार किया। उन्होंने संकट में फंसे मानव समाज के लिए कार्य किया। हम सभी को उन्हीं की तरह समाज कार्य कर आगे बढ़ना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डोमन लाल साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बोरझरा ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा सदस्य जिपं धमतरी, श्रीमती रेखा साहू सदस्य जपं कुरूद, श्रीमती हावेश्वरी साहू सरपंच, श्रीमती कृष्णकांता साहू, डॉ. गिरवर साहू, टेटकूराम साहू, बिहारीराम साहू उपाध्यक्ष, टम्मन लाल साहू सचिव, रामेश्वरी साहू, डोमारसिंह साहू, हरिनाथ साहू, धनेशराम गजपाल, मोहनलाल साहू थे।

# गेदरा में साहू समाज का हुआ वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम गेदरा में परिक्षेत्र साहू समाज परसापानी का वार्षिक अधिवेशन 25 मार्च को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण कुमार सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत थे।

कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, बुजुर्गों का सम्मान, सचिव द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का पठन, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन का पठन किया गया। अतिथि जय कृष्णा साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज परसापानी, अजय ध्रुव सदस्य जिला पंचायत धमतरी, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद



पंचायत नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष , शारदा साक्षी सरपंच, कंवल राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, पुनीतराम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी, सहदेवराम साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, गौतमचंद साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, पदुमलाल साहू सचिव तहसील साहू समाज नगरी, पेमंत कुमार साहू, लव कुमार साहू सहसचिव तहसील साहू समाज नगरी, अनराज साहू संरक्षक परिक्षेत्र साहू समाज परसापानी, रामकिशन साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र परसापानी,सखा राम साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज परसापानी, ननकूदास मानिकपुरी भाजपा युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य, झम्मन साहू, लेखराम साहू, राजेन्द्र साहू, हिरेंद्र साहू, नंदलाल साहू, मानक लाल साहू, जितेंद्र साहू, चन्द्रभान साहू, घनश्याम साहू, रघुवीर साहू,पेमन साहू, चतुर्भुज साहू, उत्तम साहू, छन्नू राम साहू, धर्मेंद्र साहू थे।

# तारीख में बदलाव की मांग को लेकर विधायक से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

पं रविशंकर शुक्ल विवि की मुख्य परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो चुकी है। परीक्षा 19 अप्रेल तक चलेगी। इस बीच एनटीए (नेशनल टेस्ट एजेंसी) ने भी सीयूईटी (कंडक्टर ऑफ द कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया है। जारी समय सारिणी में एनटीए की रसायन पीजी की परीक्षा 27 मार्च को होनी है। इधर पं रविवि में भी इसी दिन 27 मार्च को बीएससी फाइनल भौतिकी व वनस्पति विज्ञान की परीक्षा होगी। ऐसे में परीक्षार्थी दोनों परीक्षा में कैसे शामिल हो पाएंगे। इसे लेकर छात्रों ने विवि में तारीख में



बदलाव करने की मांग की है। विवि द्वारा कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर छात्रों ने डुमेंद्र गंगबेल भखारा के साथ विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर अपनी बात रखी।

इस विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए विधायक ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि छात्रहित को शासन व प्रशासन सदैव प्राथमिकता देगा।

### गणेशपुर परिक्षेत्र के निषाद राज का महाअधिवेशन कनामुका में हुआ

# भाजपा सरकार में हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

भक्त शिरोमणि गुहा निषाद राज के गणेशपुर परिक्षेत्र का महाअधिवेशन ग्राम कनामुका में 23 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, चंदूलाल निषाद अध्यक्ष निषाद समाज जिला धमतरी, डॉ ललित कुमार निषाद अध्यक्ष 20 पाली सिलतरा थे। अध्यक्षता चंद्र कुमार निषाद अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र ने की। विशेष अतिथि गुंजा निषाद जिला सचिव धमतरी, रेखा



निषाद मनोनीत जिला अध्यक्ष धमतरी, नंदकुमार नेताम सरपंच नवागांव, गंगा प्रसाद निषाद उपसरपंच, रत्ना निषाद, टोपसिंग निषाद, सुकालु धनकर, कौशिल्या निषाद पंच थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेहरू राम निषाद ने कहा कि निषाद समाज की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं डबल इंजन की सरकार के कारण संभव हो रही है। हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य मोदी सरकार करेगी। मछुआरा समाज की आर्थिक स्थिति सुधार के लिए कार्य किया जा रहा है। महिला सदन निषाद भवन की पूर्ति करने का प्रयास छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है। आयोजन में छत्तीसगढ़ निषाद समाज गणेशपुर परिक्षेत्र का विशेष सहयोग रहा।

**Pride of Dhamtari**

**आनंद उत्सव**

पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी

संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043 , 8178069165

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**

धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429

मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273

राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम
SANJAY ARTS
सबसे अच्छा काम
फ्लेक्स प्रिंटिंग — फ्लैक्स बेनर, फ्लैक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपैक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग — शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है
LED बोर्ड — ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है
मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर — लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है
रेडियम कटिंग — नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य
CNC राउटर कटिंग — वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम
ACP WORK — भवनों, ऑफिसों, शोरुम, दुकानों आदि में उच्चक्वालीटी ACP कार्य किया जाता है
सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी.मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

## अंचल की खबरें

### लोहरसी में कर्मा जयंती मनाई गई



**धमतरी।** ग्राम लोहरसी में झिरिया साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती मनाई गई। मौके पर प्रेमलाल साहू, दयानंद साहू, तिलेश्वर साहू, ईश्वर साहू, सरजूराम, अनूप साहू, ध्रुवराम साहू, नंदूराम साहू, सांगलीराम साहू अनिल गंजीर, राकेश गंजीर मौजूद थे।

### आमदी में मनाई गई कर्मा जयंती



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी में भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती साहू समाज द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना से किया गया। साहू समाज द्वारा कलशयात्रा निकालकर गली भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि ऊपज मंडी में किया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### एबीईओ, संकुल समन्वयक ने केंद्रीयकृत परीक्षा का लिया जायजा



**जीजामगांव।** सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरूद प्रतिभा ध्रुव एवं संकुल समन्वयक टुकेश्वर गहिवारे ने संकुल केंद्र करगा, कचना, सिलीडीह एवं भैंसबोड़ में आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा आठवीं का जायजा लिया।

### चरोटा में मनाई गई कर्मा जयंती





**धमतरी।** ग्राम चरोटा में ग्रामीण साहू समाज द्वारा धूमधाम से कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिपं सदस्य पूजा सिन्हा थीं। अध्यक्षता जपं कुरूद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि नीलमणी साहू, रेखा साहू, अंशु सिन्हा, भनतेन पटेल, देवदास वैष्णव, ललित, रामाधार, रामप्रसाद, सरजूराम, बलराम सिन्हा, दुलेश्वर साहू, योगेश्वरी ध्रुव, रेखराम सिन्हा, चंद्रकुमार पटेल थे। सुबह कलशयात्रा निकाली गई जिसमें समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। सामाजिक भवन में कलश यात्रा के समापन पश्चात माता कर्मा की आरती, प्रसादी वितरण के बाद मंचीय कार्यक्रम हुआ।

### भैंसबोड़ में मनी कर्मा जयंती, भक्तों को बांटी खिचड़ी





**अंवरी।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती ग्रामीण साहू समाज भैंसबोड़ द्वारा मनाई गई। मां कर्मा की प्रतिमा की पूजा व आरती की गई। भक्तों को खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। अतिथियों नेब कहा कि मां कर्मा की जयंती मनाने का उद्देश्य समाज को एकजुट कर नई दिशा देना है। इस अवसर पर कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, होमेंद्र साहू अध्यक्ष सेमरा परिक्षेत्र, पोषण लाल साहू सचिव सेमरा परिक्षेत्र, जानकी दशरथ साहू उपाध्यक्ष महिला सेमरा परिक्षेत्र, कल्याण साहू उपाध्यक्ष सेमरा परिक्षेत्र, गंगा बाई साहू सरपंच, दिलीप साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, गुलाल साहू, छन्नूलाल साहू सेवानिवृत शिक्षक, रोमलाल साहू, सेवानिवृत शिक्षक, हीरालाल साहू सेवानिवृत व्यवस्थापक, चन्द्रकुमार साहू, संतराम साहू सरपंच प्रतिनिधि, गोपीराम साहू, दुलरवा राम, शिवकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### गोंडवाना भवन नगरी में कांग्रेसियों ने मनाया होली मिलन समारोह

# होली प्रेम, एकता और आपसी मेल मिलाप का पर्व : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



विधायक अंबिका मरकाम के मार्गदर्शन में गोंडवाना भवन नगरी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी अध्यक्ष भूषण साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव अध्यक्ष कैलाश प्रजापति, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुकरेल अध्यक्ष अखिलेश दुबे एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड अध्यक्ष डीहूराम साहू ने की। कार्यक्रम में धमतरी विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक अशोक सोम सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित थे। लंबे समय के बाद आयोजित इस समारोह में कांग्रेसजनों की एकता और मजबूती देखने को मिली। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, एकता और आपसी मेल-मिलाप का प्रतीक है। यह त्योहार सभी गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनी रही है और आगे भी इसी तरह क्षेत्र के विकास एवं जनता की सेवा के लिए कार्य करती रहेगी।

#### कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़, कार्यकर्ताओं में जोश

होली मिलन समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्रीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए संगठन की मजबूती का परिचय दिया। वहीं कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि सिहावा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ सक्रिय है और आने वाले दिनों में इसका व्यापक प्रभाव क्षेत्र के विकास एवं राजनीति पर देखने को मिलेगा। सभी कार्यकर्ताओं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# समाज को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा की जरुरत : सार्वा

- नगरी सिहावा क्षेत्र के कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष

**नगरी।** साहू समाज की आराध्य देवी शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती नगरी सिहावा अंचल में साहू समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा सिहावा क्षेत्र के सेमरा, पांवद्वार, सांकरा, बेलरगांव, पंडरीपानी, गेदरा सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए। श्री सार्वा का समाजिकजनों ने स्वागत किया।

घठुला परिक्षेत्र के ग्राम पांवद्वार में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में साहू समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। माता कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छोटी छोटी बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर माता कर्मा की खिचड़ी खिलाते हुए झांकी प्रस्तुत की गई। इसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता अंगेश हिरवानी अध्यक्ष परिक्षेत्र घठुला ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सार्वा ने कहा कि हमें समाज को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा की जरूरत है तथा समय के साथ-साथ अपने कृषि को भी उन्नत बनाने की जरूरत है। हमें समाज को एकजुट कर अपने अपने घरों में एक अच्छे संस्कार की सृजन करने की आवश्यकता है तभी हमारी पीढ़ी और समाज उन्नति के शिखर तक पहुंचेगा। उन्होंने भक्त माता कर्मा की जीवनगाथा पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। विशेष अतिथि कंवल राम साहू, भुनेश्वरी साहू, हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, पन्नालाल मरकाम, क्षमा साहू,गणेश राम साहू, शैलेंद्र साहू,राकेश नेताम, रिखी राम देवांगन, सरिता ध्रुव, अंजना ध्रुव, शकुंतला ठाकुर, सरिता साहू ,वेदराम साहू, गिरवरलाल देव थे। परिक्षेत्रीय साहू समाज घटला द्वारा श्री सार्वा को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश साहू व दिलीप साहू ने किया।

# किसान संघर्ष समिति ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान



- जिला पंचायत अध्यक्ष को 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

किसान संघर्ष समिति जोन बेलरबाहरा द्वारा नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद पंचायत सदस्य सिरधन सोम, सरपंच बेलरबाहरा नरेश कुमार मांझी, सरपंच ठेनही ज्योति सोम, उपसरपंच मेचका परमात्मा कुंजाम, उपसरपंच नवागांव कमलेश कुमार मरकाम, उपसरपंच ठेनही रुपेश्वर नाग, वार्ड पंच भुनेश्वरी ध्रुव, प्रमिला ओटी, रूपेश नेताम, जितेंद्र बोरझा, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, दौलत नेताम, लक्ष्मीन बाई सहित ऋषि ओटी, पंचूराम ओटी, कृपाराम ध्रुव, रघुवर शाय ओटी, शीतल भंडारी, दयाराम ओटी, गजेन्द्र नेताम, लक्ष्मी नारायण, मंगतूराम, रविन्द्र मरकाम, संतोषी बाई, उपासीन बाई, भानुमति नाग, सुमित्रा बाई, सावित्री शांडिल्य, ब्रह्मा देव शांडिल्य, खिलेश ध्रुव, डीके यादव गोतम ध्रुव, उदयलाल, खामसिंग मांझी, पांचों बाई, कालेंद्री बाई उपस्थित थे।

नरेश कुमार मांझी अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति ने अभिनन्दन पत्र का वाचन कर क्षेत्र की समस्याओं को अवगत कराया। सिरधन सोम जनपद सदस्य एवं सचिव किसान संघर्ष समिति ने 9 सूत्रीय मांगों समेत लीलांज में विद्युतीकरण, बोईरगांव, दौड़ पंडरीपानी, भीरागांव, बरपदर तक पक्की सड़क, ग्राम पंचायत ठेनही, बेलरबाहरा, नवागांव तक नहर नाली के विस्तार हेतु निवेदन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि इन मांगों से जिलास्तर के अधिकारी को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

# आओ बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझायें



- यूथ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ने कृदत्त कॉलोनी में सकोरा का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मंगलवार को मां कर्मा जयंती पर यूथ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ने कृदत्त कॉलोनी में सकोरे का वितरण किया। फाउंडेशन के सदस्यों ने सकोरा भेंटकर पक्षियों के लिए नियमित रूप से पानी डालकर उसकी प्यास बुझाने की अपील की है।

यूथ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन अपने गठन के बाद विविध सेवा कार्यों को अंजाम दे रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को फाउंडेशन के सदस्यों ने कृदत्त कॉलोनी में तुलसी राम गंजीर, उमेशसिंह बशिष्ट, देवेन्द्र डड़सेना, प्रदीप यादव, गुनेश्वरी साहू, प्रवीण यादव, राजकुमार साहू, उमेश साहू सहित अनेक घरों में सकोरे का वितरण किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष रोशन सिन्हा ने कहा कि फाउंडेशन का यह छोटा प्रयास है। गर्मी के दिनों में प्यासे पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उपाध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र साहू ने कहा कि आने वाले दिनों में भीषण गर्मी पड़ेगी। पानी के अभाव में अनेक बेजुबान पक्षियां तड़पकर जान गवां देती हैं। सकोरा वितरण का एक ही लक्ष्य है कि गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी उपलब्ध हो। मौके पर फाउंडेशन के सचिव राममिलन साहू, शैलेन्द्र नाग, हेमलाल साहू, प्रदीप पांडे, राज सोनवानी, भूपेन्द्र निर्मलकर, अजय देवांगन, भूपेन्द्र सिन्हा, लेखराम नाग सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# मगरलोड में चना खरीदी की हुई बोहनी



- प्रथम दिन 7 क्विंटल 50 किलो चने की खरीदी की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मगरलोड में चना खरीदी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर थे। अध्यक्षता भाजपा मंडल मगरलोड अध्यक्ष रोहित मोहन साहू ने की। विशेष अतिथि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अध्यक्ष लेखराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, ओबीसी भाजपा प्रदेश सदस्य शत्रुघ्न साहू, जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता डीहूराम साहू, भाजपा मंडल मगरलोड मंत्री मिलन नेताम थे। प्रथम दिन बेलरदोना निवासी जैतराम से डेढ़ क्विटल, काशीराम पिता बेलोरा से चार क्विंटल 50 किलो, नोहर लाल बेलरदोना से डेढ़ क्विंटल चना खरीदा गया। इस प्रकार प्रथम दिन 7 क्विंटल 50 किलो चने की खरीदी की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी केएस नरेटी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा प्रबंधक चंद्रभान साहू, मगरलोड समिति प्रबंधक दीपक साहू, ऑपरेटर पीतांबर साहू, रमेश साहू, भोथीडीही समिति प्रबंधक ईश्वर सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

# छग कोसरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन 28 एवं 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज कुरुद क्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन 28 एवं 29 मार्च को ग्राम जीजामगांव के दुर्गा चौक भाटापारा में रखा गया है। मुख्य अतिथि जोहन सिंह यादव जिला अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज होंगे। अध्यक्षता लीलाराम यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ यादव समाज कुरूद क्षेत्र करेंगे। विशेष अतिथि देवचरण चंद्राकर सरपंच जीजामागांव, श्रीमती गंगा टकेश साहू जनपद सदस्य जीजामगांव, नारायण यादव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोरिया समाज धमतरी, फग्गु राम यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोरिया समाज मधुबन क्षेत्र, बलराम यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोरिया समाज धमतरी ग्रामीण, दीनदयाल यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज सिहावा नगरी, रामेश्वर यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज धमतरी नगर, कार्तिक राम साहू अध्यक्ष साहू समाज जीजामगांव, भीम सिंह पटेल पटेल समाज अध्यक्ष जीजामगांव, रामचंद चेलक सतनामी समाज अध्यक्ष जीजामगांव, राजकुमार ध्रुव ध्रुव समाज अध्यक्ष जीजामगांव, भारत ढीमर ढीमर समाज अध्यक्ष जीजामगांव होंगे। समापन के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। विशेष अतिथि अजय यादव प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोरिया यादव समाज करेंगे। विशेष अतिथि रविंद्र यादव छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज दुर्ग संभाग अध्यक्ष, मन्नालाल यादव जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोरिया समाज राजनांदगांव, माधव कुंवर यादव प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोरिया समाज, राजेश कुमार यादव सचिव एवं संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ कोरिया यादव समाज, घुरऊ यादव प्रांतीय संरक्षक छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज, रामकिशुन यादव प्रांतीय संरक्षक छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज, चंद्र प्रकाश यादव जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ यादव समाज रायपुर ग्रामीण, पूरन लाल यादव छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज अध्यक्ष राजिम क्षेत्र, कमलेश यादव प्रांतिय महामंत्री छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज, विनोद यादव प्रांतीय महासचिव छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज, नारायण सिंह यादव क्रांति कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज होंगे। 29 मार्च को युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह होगा जिसमें भुनेश्वरी यादव पिता रामकुमार यादव ग्राम कुहकुहा संग चोवाराम यादव पिता स्व. जय राम यादव ग्राम करेली छोटी डाभा का विवाह होगा।

# दीक्षा लेने के पूर्व मुमुक्षुओं का हुआ अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

श्री जैन श्री संघ नगरी के सदस्यों को श्री साधुमार्गी संघ की ओर से सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ जिसमें व्यसन मुक्ति के प्रणेता 1008 श्रीरामलाल महाराज उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि महाराज के सानिध्य में दीक्षा महोत्सव बीकानेर में होने जा रहा है। मुमुक्षु नीलम सुराणा चारामा हाल मुकाम धमतरी, गौरव नाहटा रोड अटरिया हाल मुकाम खैरागढ़, मुमुक्षु नेहा दोशी लोहारा, मुमुक्षु साक्षी भंसाली लोहारा की भागवती दीक्षा व्यसन मुक्ति प्रणेता उत्क्रांती प्रदाता आचार्य भगवान के मुखारविंद से बीकानेर में होने जा रही है।नगरी संघ को अभिनंदन का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। मुमुक्षु नीलम सुराणा, गौरव नाहटा की भगवती दीक्षा 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर एवं मुमुक्षु नेहा दोशी एवं मुमुक्षु साक्षी भंसाली की भागवती दीक्षा 4 जून को संभावित है। ओसवाल भवन में अभिनंदन समारोह हुआ। समता महिला मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कुशल चंद डेलड़िया ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रसन्नता संयमी आत्माओं के संयम जीवन प्रवेश में 6 काया जीव को होती है। मोहन नाहटा ने भी अपने भाव रखे। श्रीमती किरण नाहटा ने भी अपनी भावनाएं रखी। सम्भव सुराना जो मुमुक्षु नीलम सुराणा के पुत्र हैं, ने कहा कि हर संघर्ष में वे कभी नहीं घबराये। मुमुक्षु साक्षी भंसाली गीतिका के माध्यम से अपना भाव रखा। मुमुक्षु नेहा दोशी ने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल है जिसे वे सार्थक कर पाए।

मुमुक्षु नीलम सुराणा ने कहा कि विगत 2016 से इच्छा थी कि मैं संयम पथ पर अग्रसर होऊं। वह आज लगभग 9 वर्षों के बाद सफल हो रहा है। आचार्य भगवान का 50वां दीक्षा महोत्सव 9 फरवरी 2025 को नोखा के भूतड़ा स्कूल में हुआ। संजय मुनि साहब के गीतों को सुनकर उसे आत्मसात किया। सभा का संचालन महेश नाहटा ने किया।

# सिर्री में मां कर्मा के जयकारे के साथ निकली कलश यात्रा



- समाजजनों ने गड़भेड़ा बाबा और माता कर्मा मंदिर में की पूजा-आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिर्री में साहू समाज के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह 9 बजे गांव के इष्टदेव गड़भेड़ा बाबा के मंदिर में साहू समाज द्वारा पूजा अर्चना की गई। पश्चात माता कर्मा के मंदिर में पूजा-आरती कर प्रसादी बांटी गई। समाज की माताओं, युवतियों बच्चों सहित पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। माता कर्मा के नाम के पीले ध्वज को लहराते हुए माता के छायाचित्र एवं जयकारे के साथ डीजे की धुन पर कलश यात्रा निकाल पूरे गांव का भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संरक्षक सालिक राम साहू थे। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष संजीव साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच देशांत सिन्हा, जनपद सदस्य लिली श्रीवास, उपसरपंच मालविका



अरुण विश्वकर्मा, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, मेघुराम देवांगन, गुल्फीराम साहू, घनश्याम साहू, तुलाराम साहू, पीला कुमार साहू शोभाराम पटेल, कलीराम ध्रुव थे।

अतिथियों ने समाज को एक सूत्र में बंधकर एकजुटता से रहने की बात कही। माता कर्मा के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। मंच संचालन भूपेंद्र साहू ने किया। मौके पर सचिव नीलम साहू, सहसचिव खिलेश साहू, ठाकुरराम साहू, फेरूराम साहू, देवसिंग साहू, मोहन साहू, नारायण साहू, हेमंत साहू, दीनबंधु साहू, श्यामलू साहू, द्वारिका साहू, रामनिवास साहू, दुर्गा साहू, राधेरमन साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बोड़रा में कबीर सत्संग 28 से 30 तक

**धमतरी।** कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 28, 29 एवं 30 मार्च को साहू समाज प्रांगण बोड़रा में कबीर सत्संग भजन एवं प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है। प्रयागराज से संत धर्मेन्द्र साहेब अपनी संत मंडली के साथ पहुंचेंगे। कार्यक्रम में संत विजय साहेब सेनचुवा, डोमार साहू नवागांव भी आयेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में कबीर सत्संग समिति बोड़रा के अध्यक्ष हंसराज साहू, कोषाध्यक्ष खरेराम साहू, सचिव धनंजय लाल साहू, संरक्षक हरिओम साहू, थानसिंग साहू, उपाध्यक्ष रोहित कुमार साहू, सहसचिव बलराम साहू, कार्यकारिणी सदस्य चम्पालाल साहू, दीपक गुप्ता, ललित साहू एवं यश कुमार साहू जुटे हुए हैं।

### सनातन संकल्प आह्वान कार्यक्रम 27 को

**धमतरी।** सर्व समाज समन्वय महासभा द्वारा सर्व हिन्दू समाज के लिए सनातन संकल्प आह्वान का कार्यक्रम 27 मार्च गुरूवार को शाम 4 बजे नूतन स्कूल प्रांगण धमतरी में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश को आजादी दिलाने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस होंगे। अखिल भारतीय संत महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संत रामज्ञानी दास एवं विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय केंद्रीय मार्गदर्शक मण्डल अधिकारी रामरूप दास, आदिवासी समाज के प्रणेता डॉ. उदय भान सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम की तैयारी में नीलेश राजा कार्यक्रम सयोजक, चंद्रकला पटेल जिला सचिव, पद्मिनी चंद्राकर जिला अध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ. संजीव वशिष्ठ, प्रान्त अध्यक्ष सर्व समाज समन्वय महासभा छग नील पटेल, दिलीप पटेल, शैलेश चंद्राकर, ईश्वरी पटवा, विमला पटेल, डाली सोनी, चित्ररेखा निर्मलकर, रेणुका नाडेम, श्यामा पटेल, रूक्मणि सोनकर जुटे हुए हैं।

### ढेठा में सजी कवियों की महफिल

**जीजामगांव।** ग्राम ढेठा के कबीर आश्रम में 24 अप्रैल को संगवारी साहित्य समिति सिर्री की मासिक गोष्ठी हुई जिसमें कवियों का काव्यपाठ और साहित्यिक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीर आश्रम के संत बलवंत साहेब, रतन साहेब, भोज साहेब और आयोजक परिवार गुरुप्रसाद साहू, राजकुमार साहू शिक्षक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। काव्य गोष्ठी में विभिन्न समसामयिक घटनाओं को लेकर चिंतन परक रचनाओं का पाठ किया जिसे श्रोताओं ने बखूबी सराहा। प्रमुख कवि के रूप में सौहेंद्र सिंग गुरूदत्ता, मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, मोहनलाल घिवरिया सिर्री, सूर्यलाल साहू ढेठा, मोहन कंसारी नारी, बृजलाल दावना, तातुराम भैंसबोड़, प्यारेलाल, लीलाराम सिन्हा मरौद, राजू छत्तीसगढ़िया गातापार, जागेंद्र सिन्हा कन्हारपुरी, एस कुमार साहू सिवनी कला ने रचनापाठ किया। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर साहू शिक्षक बकली ने किया। गुरुप्रसाद साहू, शिक्षक राजकुमार साहू ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के समापन पर श्रीफल भेंटकर कवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतोष साहू, रामलाल साहू, भोजकुमार साहू, नरेश, मोहन, ईश्वर ध्रुव, मनोज साहू, कोमल सेन सहित अनेक श्रोताजन मौजूद थे।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने दिए अधिकारियों को निर्देश

# किसी भी व्यक्ति की समस्या को बिना किसी कारण के लंबित न रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन सहित दूसरे विभागीय कार्यालयों में भी आवेदन देने वाले लोगों को अब उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई-निराकरण की सूचना मिल सकेगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में इसके निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में जनदर्शन में मिले आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर उनपर त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी व्यक्ति की समस्या को बिना किसी कारण के लंबित न रखें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि व्यवहारिक रूप से किसी निराकृत न की जा सकने वाली समस्या के लिए लोगों को सूचित भी किया जाए। कलेक्टर ने जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन और पीएम पोर्टल में दर्ज आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर निराकृत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं का प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीयन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अगले तीन दिनों में एग्रीस्टैक पोर्टल पर सभी किसानों का पंजीयन पूरा करने को भी कहा। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्माण विभागों पीडब्ल्यूडी, पीएचई, जल संसाधन के चल रहे और स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्य आदेश जारी होने के बाद सभी कामों को जल्द से जल्द शुरू कराने और निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी काम के लिए कार्यादेश जारी होने के बाद निर्धारित समयावधि में काम शुरू नहीं करने, बिना किसी कारण के काम लंबित रखने या अधूरा छोड़ने पर नियमानुसार संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया जाए।

# जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाना पहली प्राथमिकता

- जल विभाग सभापति अखिलेश ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम जल प्रदाय विभाग के नव नियुक्त अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने पूजा-पाठ कर नगर निगम कार्यालय में अपने चेंबर में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा भी मौजूद रहे। नगर हित में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अखिलेश सोनकर ने कहा कि जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। श्री सोनकर ने कहा कि उनका उद्देश्य धमतरी की जल आपूर्ति को सुचारू और सुदृढ़ बनाना है, जिससे हर नागरिक को समय पर और शुद्ध जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल संकट और पाइपलाइन की समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

अखिलेश ने कहा कि आम नागरिक उनसे नगर निगम कार्यालय में मिल सकते हैं। जनता की भागीदारी से ही जल प्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है।

महापौर रामू रोहरा ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जल आपूर्ति व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम धमतरी के विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और जल प्रदाय व्यवस्था उसमें अहम भूमिका निभाएगी।

अपने विजन को साझा करते हुए अखिलेश ने कहा कि वे जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे और शहर के हित में पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासन देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने नगर निगम टीम और नागरिकों से सहयोग की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान महामंत्री अविनाश दुबे, विजय साहू, श्रीमती कौशिल्या देवांगन धनीराम सोनकर, मुकेश शर्मा ,हेमराज सोनी, अनीता सोनकर, कैलाश सोनकर, अशोक सिन्हा, सुभाष चंद्राकर, हिमानी साहू,विभा चंद्राकर, पिंटू यादव, आशा लोधी, संतोष सोनकर, कोमल सर्वा, कुलेश सोनी, शैलेश रजक, सुभाष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नगर निगम के अधिकारी, पार्षदगण और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# कलेक्टर को सहकार भारती स्मारिका भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन जैविक सहप्रदर्शनी की कार्य योजना एवं रूपरेखा तैयार करने कलेक्टर से सहकार भारती प्रदेश जैविक कृषि संयोजक छत्तीसगढ़ तथा जिला प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और उन्हें सहकार भारती स्मारिका भेंट की। मौके पर दयाराम साहू प्रदेश मंत्री सहकार भारती, डॉ. एनके साहू संयोजक जैविक कृषि प्रदेश छग, श्रीमती मोनिका देवांगन सदस्य जिला पंचायत, जिला उपाध्यक्ष सहकार भारती ऋषभ देवांगन, हेमंत चंद्राकर, उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि, पूर्व मंडल अध्यक्ष गंगरेल भाजपा नरेश साहू, हिरेंद्र साहू अध्यक्ष सहकार भारती, वीरेंद्र प्रताप साहू संयोजक सहकार भारती कुरूद, वीणा साहू उपाध्यक्ष जैविक कृषि सहकार भारती धमतरी, गजानन साहू उपस्थित थे।

# पंचायत सचिवों की शासन के साथ वार्ता विफल

- अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का ऐलान
- आज शासन को जगाने सदबुद्धि गायत्री यज्ञ के आहुति डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच 26 मार्च को उपेंद्र सिंह पैकरा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रांतीय पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ रायपुर में मुलाकात की। डेलिगेशन में मंत्री ने हड़ताल समाप्त करने पर जोर दिया और समिति की रिपोर्ट जल्द मंगवाकर शासकीयकरण करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने निर्णय लिया कि जब तक पंचायत सचिवों के पक्ष में सकारात्मक बात नहीं होगी तथा शासन की ओर से आदेश नहीं आयेगा तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

संघ के भूपेश सिन्हा, अशोक साहू, भिनेश्वरी साहू, अभिषेक तिवारी, चुन्नुराम ध्रुव, चंद्रहास ध्रुव, चंद्रहास नेताम, धनेश्वरी नेताम, पूर्णिमा साहू, दीपक नेताम, दशवंश ध्रुव, ध्रुवदास बघेल ने बताया कि प्रांतीय पदाधिकारियों के निर्णय अनुसार अनिश्चितकालीन आंदोलन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इसी कड़ी में 1 अप्रैल से भूख हड़ताल, आमरण अनशन, चक्काजाम, जेलभरो आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की इस कड़ी में 27 मार्च को गांधी मैदान में 11 बजे सदबुद्धि गायत्री यज्ञ का आयोजन सचिवों द्वारा किया गया है जिसमें छग शासन को मांग को पूरा करने के लिए विशेष आहुति डाली जाएगी। सर्वदेवी देवताओं का स्मरण एवं गायत्री महामंत्र का जाप किया जाएगा। यज्ञ आचार्य शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि होंगे।

# मां कर्मा के आशीर्वाद से साहू समाज प्रगति की ओर : रोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती पर शोभायात्रा निकाली जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए मकई चौक पहुंची। शोभायात्रा में नगर के प्रथम नागरिक रामू रोहरा भी सम्मलित हुए। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि भक्त माता कर्मा की भक्ति इतनी दृढ़ थी कि जगत के नाथ को उन्हें दर्शन देने स्वयं आना पड़ा। आज साहू समाज जो प्रगति के शिखर में है उसमें कहीं न कहीं भक्त माता कर्मा का ही आशीर्वाद है।

# शादी की सालगिरह पर माता-पिता को उपहार देने बच्चों ने गुल्लक तोड़ी



- पैरेंट्स की सलाह पर बेटियों ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए गुल्लक से निकली राशि को किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा और संस्कार समाज का आधार होता है। इसी अवधारणा को तीन बहनों ख़ुशिका साहू कक्षा 4 थीं, गरिमा साहू कक्षा 6 वीं एवं झलक साहू कक्षा 8 वीं ने सही साबित किया है। ग्राम भैंसमुंडी मगरलोड की इन तीनों बहनों को अपने माता-पिता की 15 वीं सालगिरह को यादगार बनाने तथा उन्हें उपहार भेंट करने के लिए पैसे की जरूरत थी। तीनों ने अपने मिट्टी की गुल्लक तोड़ कर पैसे जुटा लिए। जब यह जानकारी मां रंजीता, पिता तुमनचंद साहू को हुई तो उन्होंने बच्चों को दान और समर्पण का महत्व बताते हुए गुल्लक से निकाले 15810 रूपये को समाज के जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई हेतु दान करने को कहा जिसे बच्चों ने मान लिया। तुमनचंद साहू ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि बच्चों ने 15 शादी सालगिरह पर पार्टी करने की तैयारी के लिए गुल्लक तोड़कर पैसे इकट्ठे किए हैं। तब मुझे लगा कि शिक्षा और संस्कार समाज की आधारवाली प्रेरणा को बच्चों को सिखाया जाय। अतः जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए बनी समिति मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन को पैसा को दान करने का सुझाव दिया और मां कर्मा जयंती पर कर्मा धाम रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में खुशिका साहू, गरिमा साहू, झलक साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को गुल्लक के पैसे 15810 रुपए भेंट किए। मुख्यमंत्री ने इस राशि को मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति के उपाध्यक्ष दिनेश साहू को सुपुर्द किया।

नगर साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई, महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली

# भखारा में कर्मा जयंती पर प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



नगर साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती मनाई गई। शोभा यात्रा बजरंग चौक, महावीर चौक, अटल चौक, गणेश चौक, पुराना बाजार चौक भ्रमण करते हुए कर्मा भवन पहुंची। शोभा यात्रा में समाज की सैकड़ों महिलायें सिर पर कलश रखकर चल रही थी। कार्यक्रम में नगर पंचायत भखारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, पार्षद, पूर्व पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं पार प्रमुखों का सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, हरख जैन, सोमनाथ साहू, दयाराम साहू, बीरेंद्र कुमार साहू ने मां कर्मा से समाज एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए साहू समाज की एकता एवं जागरूकता को आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि भक्ति माता कर्मा का प्रेरणादाई जीवन सदैव दयालुता, सेवा और परोपकार की राह प्रकाशित करता है। मौके पर हायर सेकेंडरी स्तर पर हेमंत कुमार साहू शिक्षक द्वारा प्रथम लिलेश कुमार पिता गौकरण साहू, द्वितीय बीरेंद्र कुमार साहू, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक द्वारा कावेरी साहू पिता भीष्म साहू, तृतीय अनिल कुमार साहू, शिक्षक द्वारा शोभना पिता कुलेश्वर साहू, हाईस्कूल स्तर पर कृपाराम साहू सेनि विद्युत विभाग द्वारा पुष्पेंद्र कुमार पिता रूपेश कुमार, द्वितीय परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष सोमनाथ साहू द्वारा केशव पिता टेमन सिंह साहू को प्रोत्साहन राशि प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नगर इकाई अध्यक्ष डमेश साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन झम्मन साहू एवं आभार व्यक्त डमेश साहू ने किया।

# समाज के विकास के लिए एकता जरूरी : अंगीरा



- जवरगांव में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जवरगांव साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती पर बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अंगीरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत ने कहा कि हर समाज को ऐसे ही प्रेरणा लेकर अपने-अपने ईष्ट देव को स्मरण करते हुए उत्सव मनाना चाहिए। सामाजिक कार्य के लिए सबको आगे आना होगा। समाज की एकता ही समाज को मजबूत बनाती है। जब तक समाज में एकता नहीं रहेगी समाज का विकास होना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि साहू सामाज शिक्षा और राजनीति स्तर पर बहुत आगे बढ़ रहा है और यह तभी संभव है जब परिवार के साथ समाज में एकजुटता हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ उमेशकान्त सोनबेर ग्रामीण अध्यक्ष जवरगांव ने की। विशिष्ट अतिथि लीलाराम साहू सरपंच, मिलनराम साहू उपसरपंच, दूजराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, हिन्छाराम साहू ग्राम पटेल, श्रीमती सीमा संजीव साहू पूर्व सरपंच थे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।








आवश्यकता है
हनुमान एग्रो महिन्द्रा ट्रैक्टर
शो रूम कुरूद, नगरी एवं धमतरी में फील्ड कार्य के लिए नवयुवक लड़कों की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
कुरूद : 7 पद मो. 8319173462
नगरी : 4 पद मो. 9174221715
धमतरी : 4 पद मो. 9174262337
-: वॉक इन इंटरव्यू :-
28.3.2025 से 29.3.2025 तक
(समय : दोपहर 12 से 2 बजे तक)
टीप – स्वयं का मोटर सायकल होना अनिवार्य।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

